हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

06 108 एंबुलेंस सेवा में लापरवाही को लेकर ...



07 अप्रैल कूल अभियान के अंतर्गत न्याय वाटिका में ...





**लोकसभा क्षेत्र**
भोपाल

1 भाजपा प्रत्याशी
आलोक शर्मा

2 कांग्रेस प्रत्याशी
अरुण श्रीवास्तव

**पिछली बार कौन जीता**
प्रज्ञा सिंह ठाकुर

**जीत का अंतर**
3 लाख 63 हजार 437

## क्या रहेंगे मुद्दे?

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में मुख्य मुद्दा रोजगार का है। यदि बीएचईएल को छोड़ दिया जाए तो ऐसा कोई औद्योगिक कारखाना आदि नहीं हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। राजधानी में रोजगार एक प्रमुख मुद्दे के रूप में सामने है। दूसरी तरफ राजधानी क्षेत्र होने के बावजूद शहर का बेरतरतीब विकास एक बड़ी समस्या है। इस समस्या से हर दिन लोक दो-चार होते हैं। मुख्य मार्ग तो व्यवस्थित हैं, पर अंदर कालोनियों की सड़कें जर्जर है। इससे लोग परेशान होते हैं। एक अन्य बड़ी समस्या झुग्गी बस्तियां है। यहां राजनैतिक दखलंदाजी की वजह से हर दिन नई झुग्गी बस्ती तैयार होती है। वोट के चक्कर में जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं देते हैं।

### इस बार भी यहां मोदी फैक्टर हावी, कांग्रेस को मुद्दों को लेकर भरोसा

# भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

*भोपाल लोकसभा सीट से भाजपा ने पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है। पिछली बार कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा था। किंतु वे 3 लाख 63 हजार 437 वोटों से भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से चुनाव हार गए। इस बार भाजपा व कांग्रेस के बीच रोचक मुकाबला होने के आसार हैं। हालांकि भाजपा के गढ़ को भेदना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

हरि अग्रहरि ⏭ भोपाल

भोपाल लोकसभा क्षेत्र को भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता है। भाजपा ने भोपाल लोकसभा सीट से पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट दिया है।

यदि भोपाल लोकसभा क्षेत्र का संसदीय इतिहास देखे तो 1952 से लेकर 2019 तक में कुल 17 चुनाव हुए। इसमें 6 बार कांग्रेस व 11 बार जनसंघ, जनता पार्टी व भाजपा ने अपना कब्जा जमाया। 1952 में सैदुल्लाह रजमी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सांसद बने थे, किंतु इसी वर्ष बाद में चतुर नारायण मालवीय सांसद बन गए। 1957 व



आलोक शर्मा



अरुण श्रीवास्तव

1962 के चुनाव में मैमूना सुल्तान चुनकर संसद में पहुंचीं। जब 1967 में चुनाव हुआ तो जनसंघ के जगन्नाथ जोशी चुनाव जीत गए। 1971 में शंकर दयाल शर्मा इस सीट से चुनाव जीत कर लोकसभा में पहुंचें। 1977 में फिर जनता पार्टी की लहर में आरिफ बेग जीत गए। इसके बाद दो चुनाव 1980 में शंकर दयाल शर्मा व 1984 में केएन प्रधान कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते, किंतु इसके बाद 1989 से लेकर 2019 तक कांग्रेस का खाता नहीं खुला। 1989, 1991, 1996, 1998 में सुशीलचंद वर्मा सांसद चुने गए। 1999 में उमा भारती भाजपा की टिकट पर चुनी गई। इसके बाद 2004 व 2009 में कैलाश जोशी भाजपा से सांसद बने। 2014 में भाजपा ने आलोक संजर को मैदान में उतारा और वे भी चुनाव जीत गए। इन सभी में सबसे रोचक चुनाव 2019 का ही रहा है। इसमें कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को मैदान में उतारा और वे चुनाव हार गए। इस बार 2024 का चुनाव भी अभी से रोचक बनता जा रहा है। इस बार यहां भी मोदी फैक्टर हावी है। अब चुनाव परिणाम किस करवट बैठेगा यह तो नहीं कह सकते, किंतु जिस तरह से माहौल बना हुआ है, ऐसे में लगने लगा है कि भाजपा व कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर होगी। भोपाल लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण में चुनाव होना है।

### पिछले चुनाव में भाजपा को मिले थे 61% वोट

एक तथ्य यह भी है कि पिछले 2019 के चुनाव में भाजपा को कुल 61.54 फीसदी वोट मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव के मुकाबले भाजपा को 1.65 फीसदी कम वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी साध्वी प्रज्ञा सिंह को कुल 8,66,482 वोट मिले थे। जबकि कांग्रेस के दिग्विजय सिंह को 35.63 फीसदी यानी कुल 5,01,660 वोट मिले थे। हालांकि कांग्रेस 2014 के चुनाव के मुकाबले 5.24 फीसदी ज्यादा वोट हासिल करने में कामयाब हुई थी। बसपा के माधो सिंह अहिरवार को 11,277 वोट मिले थे। नोटा को 5,430 वोट मिले थे। वहीं 2014 के चुनाव में भाजपा के आलोक संजर को 63.19 फीसदी, कांग्रेस के पीसी शर्मा को 30.39 फीसदी, बसपा के सुनील बोरसे को 0.90 फीसदी वोट मिले थे।

### लोकसभा क्षेत्र में कुल कितनी विधानसभा

संसदीय क्षेत्र भोपाल में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें भोपाल जिले के सात जिसमें भोपाल उत्तर, नरेला, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, भोपाल मध्य, गोविंदपुरा, हुजूर, बैरसिया व सीहोर जिले का सीहोर विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन आठ में से छह पर भाजपा का कब्जा है, जबकि दो विधानसभा क्षेत्रों भोपाल उत्तर में आतिफ अकील व भोपाल मध्य से आरिफ अकील कांग्रेस के विधायक हैं। इसी तरह बैरसिया विधानसभा में भाजपा के विष्णु खत्री, नरेला से विश्वास सारंग, भोपाल दक्षिण-पश्चिम से भगवान दास सबनानी, गोविंदपुरा से कृष्णा गौर, हुजूर से रामेश्वर शर्मा व सीहोर से सुदेश राय भाजपा से विधायक हैं। भोपाल लोकसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां भाजपा विजयी होती आई है।

### आबादी में जातीय समीकरण

भोपाल लोकसभा क्षेत्र के आठ में से दो विधानसभा क्षेत्र भोपाल उत्तर में 52 फीसदी हिंदू व 48 फीसदी मुस्लिम हैं। जबकि भोपाल मध्य में 60 फीसदी हिंदू व 40 फीसदी मुस्लिम हैं। किंतु दोनों सीटों पर कांग्रेस वह भी मुस्लिम प्रत्याशी ही जीतते हैं। इसकी मुख्य वजह यह है कि भोपाल उत्तर में हिंदू आबादी में सुदर्शन, जाटव व वाल्मिकी समाज के वोटर हैं। ऐसा माना जाता है कि वे पारंपरिक रूप से कांग्रेस के पक्ष वोट करते हैं। यही स्थिति भोपाल मध्य में भी है। बहुतायद अनुसूचित जाति की झुग्गी बस्तियों की आबादी को आसानी से वोट में तब्दील करने की कोशिश होती रहती है। बाकी क्षेत्रों में मिलाजुला है। यहां कोई जातीय समीकरण नहीं है। भाजपा हमेशा से चुनाव जीतती रही है।

**खबर संक्षेप**

### पुल पर आमने- सामने से दो बाइक की भिड़ंत

**विदिशा।** रविवार की देर रात चरणतीर्थ के बेतवा नदी के पुल पर दो बाइक आमने-सामने से भिड़ गईं। टक्कर इतनी तेज थी की दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। चिरोल वाली माता मंदिर क्षेत्र में रहने वाले विकास परिहार किसी काम से रामलीला चौराहे जा रहे थे। इसी दौरान बेतवा के पुल पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक उनकी बाइक को से गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर उसे भोपाल रेफर कर दिया, जबकि एक बाइक सवार का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

### विदिशा प्रदेश में अव्वल

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के द्वारा जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण मामलों में विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग सूची में विदिशा अव्वल नंबर पर है। प्रदेश स्तरीय जारी रिपोर्ट अनुसार विदिशा जिले में राजस्व के कुल 80477 प्रकरण दर्ज किए गए थे जिसमें से अब तक 74535 प्रकरणों का निराकरण किया गया है विभिन्न कारणों से 5942 प्रकरण लंबित है इन प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष पहल की जा रही है। इस प्रकार निराकरण प्रकरणों का कुल प्रतिशत 92.6 है।

### जागरुकता संदेश दिया



**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान शासकीय जिला स्तरीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास बरईपुरा पहुंचे। छात्रावासी विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चित्रकला के माध्यम से संदेश दिया। जिसका अवलोकन कलेक्टर श्री वैद्य ने किया और विद्यार्थियों के द्वारा इस विधा के माध्यम से अपने हुनर के साथ-साथ मतदाता जागरूकता के संदेशों हेतु किए गए कार्यो की प्रशंसा की।

### लोकसभा के प्रत्याशी की खर्च सीमा 90 लाख, खाते में जुड़ेगा एक एक पैसा

# चुनावी सभा के मंच पर कूलर लगा तो प्रत्याशी के खाते में जुड़ जाएंगे 499 रु.

लोकसभा चुनाव में अब कुछ दिनों बाद चुनावी सभाएं शुरू हो जाएंगी। चुनावी खर्च सिर्फ 90 लाख रुपए है। कार्यक्रम आयोजित करने में जो जो सामग्री उपयोग की जाएगी उसका सीधा खर्चा प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी की खर्च सीमा 90 लाख रुपए तय की गई है। चुनाव के दौरान होने वाली सभाओं और कार्यक्रम में लगने वाली सामग्री के दाम तय है। जो भी सामग्री प्रत्याशियों के द्वारा चुनावी सभा में उपयोग की जाएगी। उसका पैसा प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जुड़ जाएगा। एक एक चीज का हिसाब रखा जाएगा। प्रत्याशी सिर्फ 90 लाख रुपए ही अपने चुनावी प्रचार में खर्च कर सकते हैं।

चुनावी सभाओं के दौरान उपयोग होने वाली सामग्री के दाम तय हैं। इसी तरह कार्यक्रम के दौरान यदि रेड कार्पेट बिछाया तो प्रति वर्गफीट के हिसाब से हर दिन का किराया 2 रुपए 60 पैसा है, लेकिन आमतौर पर 10 वाय 50 मतलब 500 वर्गफीट की कार्पेट का रेट 1300 रुपए होगा जो प्रत्याशी के खाते में जुड जाएगा। कालीन 10 रुपये प्रति वर्गफिट, प्लास्टिक चेयर का 8 रुपये 90 पैसे, चादर 89 रुपये का और 10 किलोवाट के जनरेटर का 2999 रुपये, 100 वाट के एलईडी ब्लव का 25 रुपये, 125केव्हीए के जनरेटर का किराया 8999 रुपये का मानकर प्रत्याशी के खर्चे में शामिल किया जाएगा।

#### चाय और नाश्ते का भी रखा जाएगा हिसाब

नाश्ते के साथ चाय और पानी की छोटी बॉटल का खर्च 50 रुपए माना जाएगा। नाश्ते में समोसा, कचोरी, आलूवड़ा में से कोई एक, लेकिन साथ में नमकीन या चिप्स का पैकेट और एक मिठाई का पीस मान्य किया जाएगा। वहीं पानी का एक केंपर डिस्पोजल सहित 50 रुपए और पानी की एक लीटर की बॉटल का खर्च 15 रुपए माना जाएगा। छह रोटी, एक दाल सब्जी और एक कटोरी चावल, अचार मिर्ची की सादा थाली 100 रुपए की मानी गई है तो वहीं स्पेशल थाली का खर्च 150 रुपए माना जाएगा। कार्यकर्ता को दिए जाने वाले पैकेट में 8 पूरी, सूखी सब्जी और अचार मिर्च के 45 रुपए पर पैकेट के हिसाब से रुपए जोड़े जाएंगे।

कुछ ऐसे हैं की यदि एक सभा में मंच पर तीन लोगों के बैठने वाला सोफा रखा गया तो 299 रुपए उस प्रत्याशी के खाते में जुड़े जाएंगे। इसके के साथ टेंट के पर्दे का भी रेट तय है। 10 वाय 15 वर्गफीट में टेंट के पर्दे लगे तो हर दिन के 250 रुपए प्रत्याशी के खाते में जुड़ना

### चुनाव के काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी

- कर्मचारियों के अपडाउन पर भी नहीं लग सकी लगाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने चुनाव के काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नोटिस जारी किए हैं। एफएसटी दल में शामिल उपयंत्री, बीआरसी कुरवाई जेपी को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा है।

उपयंत्री, बीआरसी कुरवाई जेपी रोहित को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी उस पर वह खरे नहीं उतरे। वह निर्वाचन कार्यालय कुरवाई पर उपस्थित नहीं हुए। जिससे स्पष्ट है कि रोहित के द्वारा एफएसटी दल के कार्य को गंभीरता पूर्वक न लिया जाकर घोर लापरवाही बरती गई है। वहीं शासकीय राजीव गांधी अस्पताल सिरोंज में पदस्थ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विकास कुमार सिंह को घायल व्यक्तियों की एमएलसी के दौरान बिना सूचना दिए अनुपस्थित पाए जाने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। संबंधित डॉक्टर को दो दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं नियत समय में जवाब प्रस्तुत न करने एवं जवाब संतुष्ट पद न पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

ग्राम बाबुलखेड़ी तहसील सिरोंज में दो पक्षों के मध्य हुए विवाद के कारण उपचार हेतु शासकीय राजीव गांधी अस्पताल सिरोंज में घायल व्यक्ति पहुंचे थे। उपस्थित घायल व्यक्तियों की एमएलसी के दौरान रात्रि में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुमार सिंह अनुपस्थित पाए गए। जबकि अधिकारी कर्मचारियों को सक्षम अधिकारी के बगैर अनुमति से मुख्यालय छोड़ने या अवकाश पर जाने की अनुमति नहीं है। बिना सूचना दिए अनुपस्थित रहने से यह स्पष्ट है कि संबंधित डॉ ने अपने कर्तव्य के प्रति गंभीर न होकर घोर लापरवाही बरती है।

### गायत्री मंदिर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पुरस्कार वितरित

**विदिशा।** गायत्री मंदिर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 23 के पुरस्कार वितरित किए गए। जिन छात्र छात्राओं ने जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय पुरस्कार जीते उन्हें अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय संयोजक एसआर चौधरी, विशिष्ट अतिथि, सेवा निवृत्त डीजीएम, बीएचईएल विनोद कुमार जैन, रिटायर्ड प्राचार्य वीके जैन,अध्यक्ष प्रांतीय प्रशिक्षक रमेश अभिलाषी रहे। संचालन कवि एवं प्राचार्य बृज श्रीवास्तव ने किया। सर्व प्रथम निशा शर्मा एवं सुमन श्रीवास्तव ने प्रज्ञा गीत का गायन किया। स्वागत गीत लल्लू सिंह ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण आरपी गुप्ता ने एवं प्रतिवेदन जिला संयोजक रश्मि पोरवाल ने प्रस्तुत किया। शिक्षिका सुधा दुबे एवं शिवराज सिंह ने सूर्यवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों ने भारतीय संस्कृति पर अपने उद्बोधन में इसका महत्व बताया।

### पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं संग खेली फूलों की होली



**विदिशा।** बाढ़ वाले गणेश मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली और जमकर फूल बरसाए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता श्री चौहान के साथ होली खेलने मंदिर पहुंचे थे।

### न्यायालय परिसरों में न्यायाधीशों ने रोपे पौधे

**विदिशा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर पूरे प्रदेश के न्यायालय परिसरों में न्यायाधीशों ने पौधारोपण किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव और जिला न्यायाधीश ने बताया कि दुनिया एक अप्रैल को अप्रैल फूल के रूप में मनाती है। लेकिन हम अप्रैल कूल के रूप में इस दिन को मनाते हुए पूरे प्रदेश में एक साथ सभी न्यायालयों में सघन पौधरोपण अभियान चलाया है।



उन्होंने कहा कि अप्रैल, मई, जून के महीनों में भीषण गर्मी पड़ती है। लोगों को तेज धूप से बचने छाया की जरूरत होती है। जहां हरे भरे पेड़ होते हैं, लोग उनका सहारा लेते हैं। हालांकि, जहां पेड़ नहीं होते वहां भीषण गर्मी का सामना उन्हें करना पड़ता है। इसी उद्देश्य को लेकर बारिश के पहले अप्रैल माह में वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण को बचाने की भी पहल है। न्यायालय परिसर में सभी न्यायाधीशों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### शिवमहापुराण के पहले दिन निकाली भव्य कलश यात्रा

**विदिशा।** आरएमपी नगर के शिव मंदिर पर कलशों की पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई। जगह जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। कथा स्थल पर कलश यात्रा पहुंचने के बाद शिवमहापुराण की कथा प्रारंभ हुई। प्रथम दिवस कथा व्यास पं. देवेंद्र भार्गव के मुखारबिंद से सभी ने कथा का श्रवण किया। प्रथम दिवस उन्होंने शिवमहापुराण की महिमा का वर्णन किया की इस कथा का श्रवण किन नियमो के साथ करना चाहिए साथ ही उन्होंने बताया की जब भी किसी बात का सांकलप करे तो विकल्प को त्याग दे अगर विकल्प होगा तो संकल्प पूर्ण करने में कठिनाई होगी, 2 तारीख को शिव विवाह का प्रसंग होगा, शिव विवाह को भव्यता के साथ मनाया जाएगा।



### नए शिक्षण सत्र का आगाज, स्कूलों में मनाया प्रवेश उत्सव

# स्कूल पहुंचे बच्चे तो तिलक लगाकर किया स्वागत

**घर घर जाकर बच्चों को स्कूल में दाखिले के लिए जागरूक किया था।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार से सरकारी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। शिक्षण सत्र के पहले दिन स्कूल आने वाले छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। एक तरफ जहां पुराने बच्चे नई कक्षा में आकर खुश थे वहीं नए बच्चे पहली बार स्कूल में पहुंचकर खुश नजर आए। शहर के एमएलबी गर्ल्स स्कूल में पहले दिन छात्राओं का स्वागत किया गया।

उन्हें फूल माला पहनाकर तिलक लगाकर आरती उतारी गई। इस दौरान एमएलबी स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। जिन्होंने ताली बजाकर छात्राओं का स्वागत किया। छात्राओं को तिलक लगाकर उनको मिठाई खिलाई। अपना स्वागत होता देखकर छात्राएं काफी खुश नजर आई। एमएलबी स्कूल प्राचार्य मंजू राठी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्य बनाकर पढ़ने, नियमित रूप से स्कूल आने और अपने शिक्षक, माता पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही। हालांकि पहले दिन बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही है। आने वाले दिनों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी। अब स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रवेश उत्सव से पहले शिक्षकों ने अपने स्कूल के क्षेत्र में घर घर जाकर बच्चों को स्कूल में दाखिले के लिए जागरूक किया था। सरकारी स्कूलों में एडमिशन लेने पहुंच रहे बच्चे दाखिला से वंचित न रहें। वहीं किसी बच्चे का आधार कार्ड नहीं है तो उसको भी दाखिला दिया जाए। इस दौरान पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों के ऊपर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी मां कर्मादेवी जयंती

**गंजबासौदा।** नगर साहू समाज द्वारा मंगलवार को साहू समाज धर्मशाला मां कर्मा देवी मंदिर पचमा रोड में धूमधाम से मनाई जाऐगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडी साहू संरक्षक म.प्र. साहू समाज करेंगे। जबकि विशेष अतिथियों में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्रसिंह रघुवंशी, नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, पार्षद नीलू चंद्रशेखर चौबे, सुनील साहू रहेंगे। मां कर्मा देवी जंयती में विशाल वाहन रैली सिद्धेश्वर मंदिर धर्मकांटा बरेठ रोड से निकलकर मुख्य मार्गो से होकर मां कर्मा देवी मंदिर पचमा बायपास पहुंचेगी। इस दौरान मंदिर में खिचडी भोग लगाया जाएगा और भंडारे का भी आयोजन होगा। साहू समाज अध्यक्ष काशीराम साहू उदयपुर वालों ने सभी स्वाजातीय बंन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### चाकूबाजी के मामले में धाराओं में किया इजाफा

**गंजबासौदा।** फरियादी गजराज सिहं परिहार उम्र 45 साल निवासी ईदगाह रोड़ बासौदा द्वारा अपने साथ मोहल्ले के नाबालिग बालक द्वारा चाकू से मारपीट करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर से देहात थाना में धारा 324, 294, 506 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान धारा 326 आईपीसी इजाफा की गई और आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया। अपराध में धारा 25 आर्म्स एक्ट इजाफा किया गया।

### समर्थन मूल्य पर मसूर की खरीदी प्रारंभ



**गंजबासौदा।** शासन के निर्देश पर इलाके में बनाए गए खरीदी केन्द्रों पर किसानों की उपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी आरंभ हो चुकी है। जिसमें चना, मसूर, गेहूं, सरसों को किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। इसी तरह का एक खरीदी केन्द्र मार्केटिंग सोसायटी का केन्द्र पचमा रोड स्थित गायत्री वेयर पर संचालित हो रहा है। जिसमें सोमवार को मसूर की खरीदी के साथ केन्द्र पर खरीदी की शुरूआत की गई। इस दौरान किसान सौदान सिंह की मसूर को केन्द्र संचालकों ने खरीदा और फिर कांटों एवं उपज की पूजन अर्चन कर उसकी तौल कराई गई। इस मौके पर केंद्र संचालक प्रमोद रघुवंशी सहित किसान, गोदाम मालिक और अन्य कर्मचारी एवं हम्माल मौजूद रहे।

## पिछले एक माह में कई मामलों में उजागर हो चुकी है उदासीनता, यात्रियों की हुई थी मौत

# 108 एंबुलेंस सेवा में लापरवाही को लेकर श्रमदान दल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एम्बुलेंस सेवा प्रदाताओं के गैर जिम्मेदाराना रवैए को लेकर सोमवार को श्रमदान दल के सदस्यों ने राजयपाल और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा और एंबुलेंस सेवा को दुरूस्त कराने की मांग की, जिससे समय पर उपचार के अभाव में किसी की जान न जाने पाए।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में ट्रेनों से यात्रा कर रहे कुछ लोग अचानक बीमार हुए और उन्हें उपचार के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उतरवाया गया,लेकिन समय पर एंबुलेंस न मिलने से ऐसे मरीजों को अस्पताल ले जाने में देरी हुई और इसी कारण समय पर उपचार न मिलने से कुछ यात्रियों की मौत भी हो चुकी है। जबकि अन्य मामलों में काफी इंतजार के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आई तो रेलकर्मियों द्वारा निजी एवं विभागीय वाहनों से ही मरीजों को अस्पताल पहुंचाया है। ऐसे मामले लगातार बढने और प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान न दिए जाने से अब लोगों एवं यात्रियों की परेशानी बढने लगी है। इसी को देखते हुए सोमवार को श्रमदान दल के सदस्यों ने महामहीम राज्यपाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि बीते चार पांच महीनों से गंजबासौदा तहसील में 108 एंबुलेंस सेवा प्रदाताओं का गैर जिम्मेदाराना एवं असंवेदनशील रवैए का सामना बार बार करना पड़ रहा है। ज्ञापन में पिछले कुछ मामलों को बताया भी गया है।

जिसमें गत 9 मार्च को आस्था स्पेशल ट्रेन से महाराष्ट्र के जिला धाराशिव ग्राम नुदुर्ग निवासी संजय बागल 48 वर्षीय सफर कर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनके सीने में दर्द होने पर सूचना रेलवे को दी गई। ट्रेन आने के लगभग 30 मिनिट पूर्व 108 एंबुलेंस को फोन लगाया, लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। यात्री को श्रमदान दल एवम रेल कर्मियों के सहयोग से रेलवे के विभागीय वाहन से शासकीय अस्पताल ले जाया गया। लेकिन



यात्री को बचाया नहीं जा सका। यदि समय से एम्बुलेंस पहुंची होती तो शायद यात्री को बचाया जा सकता था।

इसी तरह 19 मार्च को साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन से महाराष्ट्र, मुंबई निवासी मुन्ना कुरैशी अपनी पत्नी राबिया बी के साथ सफर कर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनके सीने में दर्द होने पर सूचना रेलवे को दी गई। इस बार भी ट्रेन आने के लगभग 30 मिनिट पूर्व 108 एंबुलेंस को फोन लगाया, लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। यात्री को श्रमदान दल एवं रेल रेल कर्मियों के सहयोग से निजी सवारी ऑटो से चिकित्सालय ले जाना पड़ा। लेकिन यात्री को बचाया नहीं जा सका। इसी मामले में लोग जब शासकीय चिकित्सालय पहुंचें तो परिसर में चार चार एम्बुलेंस खड़ी पाई गईं। इस मामले में भी यदि समय से एम्बुलेंस पहुंची होती तो यात्री को बचाया जा सकता था। वहीं 26 मार्च को कुशीनगर एक्सप्रेस के चालक ने लाइन के समीप एक घायल आदमी पड़ा देखा और कंट्रोलर को सूचना दी , जिस पर 108 एंबुलेंस को फोन लगाया गया, लेकिन एंबुलेंस नहीं आई। जबकि ट्रेन ड्राइवर तत्परता दिखाते हुए घायल को ट्रेन रोक बासौदा लेकर आया। 108 एंबुलेंस नहीं आते देख घायल को एक निजी कार से चिकित्सालय ले जाना पड़ा। घायल व्यक्ति बच गया। इसी तरह 26 मार्च को रेल पटरी पार करते समय अमर सिंह रघुवंशी 65 साल ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गए। सूचना पर आरक्षक मो.वसीम मौके पर पहुंचे। लोगों ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया लेकिन एंबुलेंस नही आते देख आरक्षक एवम रेल रेल कर्मियों के सहयोग से डायल 100 गाड़ी से पीड़ित को चिकित्सालय ले जाना पड़ा। इससे पूर्व गत 2 सितंबर 2023 को अंत्योदय एक्सप्रेस में महिला को प्रसव पीड़ा हुई लेकिन 108 एंबुलेंस नहीं आई। तब भी गर्भवती महिला को विभागीय वाहन से चिकित्सालय ले जाना पड़ा था।

उक्त सभी मामलों में गौर करने वाली बात ये है कि गंजबासौदा रेलवे स्टेशन से चिकित्सालय की दूरी डेढ़ किलोमीटर से भी कम है। बाबजूद इसके अलग अलग दिनों में अलग अलग समय पर कॉल करने के बाद भी डायल 108 एंबुलेंस नही पहुंची।

## बाल सभा में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे प्रवोत्सव मां सरस्वती वंदना और राष्ट्रीय गीत के उपरांत प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लालूप्रसाद लोधी एवं पंचायत सचिव चर्तुभुज सोनी ने कक्षा 1 में नव प्रवेशी छात्रा राखी अहिरवार को तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके उपरांत सभी छात्र, छात्राओं को शिक्षक रानी रघुवंशी एवं शिक्षक गोपाल दास अहिरवार ने तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्रों को सम्बोधित करते हुऐ शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने कहा कि शाला समय पर प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण कर पढ़ना लिखना पहली सीढ़ी है। हम अपने जीवन में शिक्षा से नौकरी धंधा करके सामाजिक और पारिवारिक सम्मान तथा अलग पहचान बनाने में कामयाब होते हैं। हमारा भी फर्ज है आपको ईमानदारी से शिक्षा दें, यदि एक इंजीनियर एक पुल बनाता है और वह टूट जाता है। तो उससे कुछ लोगों को ही नुकसान होगा। लेकिन शिक्षक के ईमानदारी से ना पढ़ाने पर पीढ़ीयां बर्बाद होती हैं। इसलिए सभी को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए। तत्पश्चात बालसभा आयोजित की गई। जिसमें छात्र, छात्राओं ने राधे, कृष्ण गोपियां, ग्वालवाल बनकर अपनी अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर आरती अहिरवार, ओमवती लोधी, गंगा सेन, घनश्याम अहिरवार सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## यातायात पुलिस ने की कार्रवाई



**गंजबासौदा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सोमवार को सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी एवं उनकी टीम द्वारा अनधिकृत तरीके से हूटर का प्रयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई। जिसमें चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई एवं अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 10 चालान बनाए गए जिनसे 6500 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, बिना रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट एवं बीमा वाले वाहन चलाने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

## नागरिक बैंक में डिजिटल सेवा शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर की एक मात्र नागरिकों के स्वयं के द्वारा स्थापित बासौदा नागरिक सहकारी बैंक सोमवार से पूरी तरह डिजिटल हो गई। इसमें एटीएम, मोबाइल बैंकिंग सेवा शुरू हो गई। इसके व्यापारियों को बारकोड भी जारी किए जा रहे हैं। इस मौके पर डिजिटल सेवा का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया। जिसमें बैंक अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और सीईओ हरिओम भावसार ने पांच खाता धारकों को एटीएम कार्ड प्रदान कर इस सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। नागरिकों की इस बैंक में 5600 खातेदार हैं। बैंक द्वारा पिछले साल 2023 वित्तीय वर्ष में 51 लाख रुपए का मुनाफा कमाया गया। इसमें से 16 लाख 38 हजार रुपए अंश धारकों को वितरित किए गए। डिजिटल सुविधा शुरू होने के बाद देश के किसी भी स्थान और एटीएम से खाताधारक राशि निकाल सकते हैं। मोबाइल से पेमेंट किया जा सकता है। बैंक प्रबंधन ने बताया डिजिटल सुविधा 24 घंटे सातों दिन खातेदारों को उपलब्ध रहेगी।

## अवैध गांजे के साथ आरोपी को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ शराब गांजा, अफीम, ब्राऊन शुगर बेचने एवं सेवन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत एफएसटी टीम एवं थाना देहात की संयुक्त टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दो आरोरी अवैध गांजा बैंचने की फिराक में घूम रहे हैं। इस सूचना के बाद आरोपियों को स्कूटी सहित गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मादक पदार्थ गांजा बेंचने एवं कहां से लाए के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में दू उर्फ चन्द्रपाल राजपूत उम्र 38 साल निवासी गली नंबर 5 राजेन्द्र नगर तथा भूरा सिहं कुशवाह उम्र 22 साल निवासी ग्राम सिरावदा थाना कुरवाई हाल गली नंबर 5 राजेन्द्र नगर शामिल हैं। जिनसे 2 किलो 750 ग्राम गांजा कीमती करीब 40 हजार रूपए, एक सफेद रंग की स्कूटी कीमत 20 हजार रुपये कुल मशरूका 60,000 रुपये जब्त कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी देहात हरिकिशन लोहिया, गौरव वाजपेई, केशरी प्रसाद शर्मा, प्रयागराज गुर्जर, सौरभ श्रीवास्तव, सुरजीत जाट, सुरेश, सुरेन्द्र कटियार, दिलीप, हुकुम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निर्वाचन: मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान कर्मियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण एलबीएस महाविद्यालय त्योंदा रोड पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रथम दिवस, प्रथम सत्र में 200 मतदान कर्मी और द्वितीय सत्र में 200 मतदान कर्मी कुल 400 मतदान कर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर के द्वारा दिया गया। दोनों चरणों में सहायक रिटर्निग ऑफिसर एवं एसडीएम विजय राय द्वारा सभी कक्ष में मतदान कर्मियों को विस्तृत रूप से मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार अताउल्ला खान, बीआरसी कपिल तिवारी व अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## विश्व हिन्दू परिषद के मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को दोपहर 3 बजे पुरानी नगर पालिका के समीप स्थित गोपाल कृष्ण मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद के मंदिर अर्चक पुरोहित आयाम की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए आयाम के केंद्रीय मंत्री अरूण नेटके ने कहा कि हमारे मंदिर शक्ति और भक्ति के केंद्र बनना चाहिए हर मंदिर में गौशाला नहीं हो सकती तो एक गाय अवश्य होनी चाहिए। अर्चक, पुरोहितों का दायित्व है कि वह प्रतिदिन मंदिर आने वाले व्यक्तियों की कुशलक्षेम जाने और उन्हें धर्म कर्म की शिक्षा दें ,तभी हमारा समाज, हमारी संस्कृति का संरक्षण हो सकता है। प्रांत सह मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख पंडित मुन्ना लाल शास्त्री ने उपस्थित सभी से चर्चा करके संगठन की रीतिनीति और कार्य के विषय में बताया। बैठक का संचालन विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख लक्ष्मीनारायण शास्त्री, सह प्रमुख विनोद शर्मा, नगर प्रमुख नितिन भाटे, गमाकर प्रखंड प्रमुख अंकित चतुर्वेदी उपस्थित थे।

### शासकीय स्कूल में नवीन सत्र का शुभारंभ

**गंजबासौदा।** सोमवार को शासकीय हाई स्कूल किरवाया में सत्र 2023 -24 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रवेश उत्सव मनाया गया छात्र-छात्राओं का नवीन सत्र में तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय में कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें प्राची पुत्री सौभाग्य सिंह राजपूत ने 91.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, ऋषिका पुत्री चंद्रभान बघेल ने 83.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं आरुषि पुत्री राजपाल राजपूत ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।




## जहरीले जीव जंतुओं को न मारने की अपील

# घर में निकले सांप को रेस्क्यू कर पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्रीष्मकाल आते ही शहरी क्षेत्रों में ठंडे स्थानों पर जहरीले जीव-जंतु निकलना प्रारंभ हो गए हैं। जिनसे लोगों को अपनी जान का भय भी बना रहता है। बीती रात्रि वार्ड क्रमांक 21 निवासी एडवोकेट नवल सिंह मीणा के घर के आंगन में एक जहरीला सांप दिखाई दिया। जिसे देर रात रेस्क्यू ऑपरेशन कर सर्प मित्र शुभम शर्मा ने सुरक्षित संसाधनों की मदद सकुशल पकड़ लिया और उसे सुरक्षित बेतवा नदी के किनारे छोड़ दिया। सर्प मित्र शुभम शर्मा ने बताया कि वह लंबे समय से शहर में जहरीले जीव जंतुओं को पकड़ने का कार्य कर रहे है। अब तक वह हजारों सांपों को पकड़ चुके हैं और उनको सुरक्षित जंगलों या स्थानों पर छोड़ दिया गया है। शुभम ने बताया कि कई बार लोग ऐसे जंतुओं को मार देते हैं जो गलत है। उन्हें सुरक्षित तरीके से पकड़कर दूरस्थ क्षेत्र में छोड़ा जा सकता है। यदि किसी भी घर में ऐसे जीव जंतु दिखाई दे तो वह शुभम शर्मा के मोबाइल नंबर 9098115004 से संपर्क कर उन्हें बुलवाकर सर्प या जीव जंतु को पकडवाकर भयमुक्त हो सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि कुछ साल पहले तक इलाके में सांप एवं अन्य जहरीले जीव जंतुओं को पहले भयग्रस्त लोग मार देते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में लोगों में जागृति आने पर अब लोग ऐसे जीव जंतुओं को पकडवाकर उन्हें बस्ती से दूर छुडवा रहे हैं। कुछ साल पहले तक ग्राम कागपुर निवासी अनिल भार्गव पूरे क्षेत्र में सर्प मित्र के रूप में यही काम करते रहे हैं। इसके बाद उन्हें विदिशा नगर पालिका में इसी काम के लिए नियुक्ति भी दी गई थी। हांलाकि कुछ समय पूर्व बीमारी से उनका निधन हो गया है, लेकिन अब नगर सहित इलाके भर में कई सर्प मित्र यह काम कर रहे हैं।

# दिव्य और भव्य रूप से मनेगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम में आगामी 10 से 20 अप्रैल तक चलने वाले विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा। यह निर्णय सोमवार को स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर में आयोजित हुई गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं की बैठक में लिया गया। बैठक के दौरान महायज्ञ की अब तक की तैयारियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। बैठक के दौरान जागृति महिला मंडल के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में सवा लाख रुपए की भेंट राम मनोहर दास जी को भगवान जगदीश स्वामी की प्रतिमा के समक्ष सौंपी। इस मौके पर नगर के विभिन्न संगठनों ने आयोजन स्थल पर अलग-अलग व्यवस्थाओं में सेवाएं देने में अपनी सहमति दी। इस आयोजन में भगवान जगन्नाथ स्वामी के नवीन विग्रह, राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा सहित संगीतमय बाल्मीकि रामायण कथा, 33 कुंडीय सीताराम महायज्ञ और रात्रि के समय रामलीला का मंचन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया की 10 अप्रैल को कलश यात्रा स्टेशन रोड़ स्थित नौलखी मंदिर से प्रारंभ होगी।

नगर के सिद्ध तपस्वी संत बाबा जगन्नाथ दास जी महाराज की तप स्थली पर करीब 90 साल बाद आश्रम पर आयोजित हो रहे इस विराट महोत्सव को दिव्यता और भव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए नगर में उत्साह का माहौल है और हर वर्ग बढ़ चढ़कर सहयोग दे रहा है। बैठक में उपस्थित ऑटो यूनियन के सदस्यों विनोद कुशवाहा, अशोक प्रजापति, लाला खटीक ने घोषणाकी कि यूनियन के सदस्य ऑटो चालक स्टेशन क्षेत्र, बरेठ रोड़ और त्योंदा रोड़ से 20 रूपए प्रति सवारी एवं गांधी चौक,सदर बाजार और राजेंद्र नगर से मात्र 10 रूपए प्रति सवारी के हिसाब से श्रद्धालुओं को यज्ञ स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएंगे। बैठक में उप यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने यजमानों की नियमावली सहित अन्य तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व कानून मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी, समाजसेवी कांतिभाई शाह, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह रघुवंशी, देवेंद्र वर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण, गणमान्य नागरिक और श्रद्धालुगण मौजूद थे।




### बाइक चालक आपस में टकराए




**गंजबासौदा।** सोमवार को नगर के अंबेडकर चौक पर दोपहर के समय एक युवक का गलत साइट में मुड़ना दूसरे वाहन चालक को महंगा पड़ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय अंबेडकर चौक पर स्टेशन साइड से आ रहा एक युवक अचानक से रविदास कॉलोनी की ओर मुड़ गया और दूसरी ओर से आ रहे चालक से टकरा गया। जिससे वह घायल हो गया, घायल को लोगों की मदद से उपचार के लिए शासकीय जन चिकित्सालय ले जाया गया।

खबर संक्षेप

## किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक बने सुरेंद्र रघुवंशी



**सिरोंज।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी की अनुशंसा पर किसान पुत्र क्रांतिकारी युवा नेता सुरेंद्र रघुवंशी को किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया गया। जिसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शहर में मिठाई बाटकर रघुवंशी को बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी देते हुए शीर्ष नेतृत्व द्वारा रघुवंशी द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि किसान कांग्रेस को फिर से जीवंत करने के लिए आपका महत्वपूर्ण योगदान होगा किसानो की आवाज को सड़क से सदन तक पहुंचने वाले नेता के रूप में सुरेन्द्र रघुवंशी को जाना जाता है वर्तमान में छत्तीसगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों मे कर चुके हैं कार्य - किसान पुत्र किसानो की आवाज को सड़क से सदन तक पहुंचने में माहिर है यही एक उनकी उत्कृष्ट कार्य शैली है जिसके चलते सुरेंद्र रघुवंशी न केवल मध्य प्रदेश बल्कि भारत 5 राज्य व 23 से अधिक जिलों में कांग्रेस पार्टी के विभिन्न दायित्वों पर रहकर कार्य कर चुके हैं नगरीय निकाय चुनाव से लेकर विधानसभा और लोकसभा में भी सुरेंद्र रघुवंशी अलग-अलग राज्यों में पर्यवेक्षक व अन्य कई दायित्व पर रहते हुए कार्य कर चुके हैं।

### अधिवक्ताओं ने लिया पौधों की देखरेख व परवरिश का जिम्मा

# अप्रैल कूल अभियान के अंतर्गत न्याय वाटिका में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार न्यायालय परिसर में अप्रैल कूल एक दिवसीय पौधारोपण अभियान चलाया गया। अप्रैल कूल अभियान के अंतर्गत न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अपूर्वा ताम्रकार एवं अंकिता जैन,अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी,अभिभाषक संघ के सचिव पीयूष चौरसिया,एडवोकेट अषोक शर्मा सहित अभिभाषक संघ के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण अभियान के दौरान न्याय वाटिका में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पौधों की देखरेख एवं परवरिश का जुम्मा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी एंव संघ के सदस्यो ने लिया। वही उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायपालिका ने भीषण गर्मी में एक-एक पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अप्रैल कूल मैं रोपे गए पौधे पर्यावरण की दृष्टि से मानव जीवन के लिए अत्यंत लाभदायक रहेंगे। न्याय वाटिका में लगे पौधों की देखरेख और परवरिश का जुम्मा हम सभी अधिवक्ताओं का रहेगा। इस मौके पर श्री त्यागी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर रहता है, लेकिन लगाए गए पौधों की देखभाल बेहद जरूरी है। हर साल बड़ी संख्या में पौधे देखभाल के अभाव में दम तोड़ देते हैं। पर्यावरण के प्रति चिंतित लोगों का मानना है कि हमें पेड़-पौधों की देखभाल के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। अगर हम पांच पौधे लगाने जा रहे हैं तो भले ही दो लगा लें, लेकिन उनकी पूरी देखभाल की जिम्मेदारी अच्छे से निभाएं। हरियाली कम होने से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है। भूगर्भीय जल स्तर कम हो रहा है, हवा भी दूषित हो रही है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पेड़ों का अंधाधुंध कटान किया जा रहा है। अपने भविष्य के बारे में कोई चिता नहीं है। पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन खतरे की घंटी है। जागरूकता के लिए काफी अभियान चलाए जाते रहे हैं और चल भी रहे हैं। जागरूकता बढ़ी भी है, लेकिन अधिक पौधे लगाने के स्थान पर ये जरूरी है कि हम जो भी पौधा लगाएं उसकी परवरिश करें।

न्यायाधीशगणों ने ग्रामीणों को कानूनी जानकारियों से कराया अवगत

### न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में विधिक सेवा साक्षरता शिविर का आयोजन




**सिरोंज।** सोमवार को न्यायालय परिसर स्थित न्याय वाटिका में विधिक सेवा साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम,नायक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री अपूर्व ताम्रकार एवं अंकिता जैन,अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल त्यागी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने ग्रामीणजनों को षिविर में कानूनी जानकारियां दी। जिसमें न्यायाधीश गणों द्वारा विधिक सेवा साक्षरता शिविर में दूर-दूर से आए ग्रामीण जनो को कानून की बारीकियां से अवगत कराया एवं जो गरीब अपने प्रकरणों के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करने के लिए असमर्थ रहते है उनको निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करने की प्रक्रिया से अवगत कराया और अपराध करने के दुष्परिणाम से की जानकारी दी। वही उन्होने शासन प्रशासन से आम जनों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के सचिव पियूष चौरसिया,मीडिया प्रभारी अशोक शर्मा,अवध नारायण श्रीवास्तव,अमर चंद्र अग्रवाल,मदन मोहन गुजराती,नीरज श्रीवास्तव,राजकुमार शर्मा सहित अधिवक्ता संघ के सदस्यगण मौजूद रहें।

## एसडीएम ने खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



**सिरोंज।** सोमवार को एसडीएम हर्षल चौधरी के निर्देशन में सहायक आपूर्ति अधिकारी एस.ए.ए नगवी एंव कृषि विभाग एसडीओ वीरेन्द्र मालवीय ने समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रो का निरीक्षण किया। वही सहायक आपूर्ति अधिकारी एस.ए.ए नगवी ने बताया कि ग्रीन फील्ड स्टोरेंज देहरी एंव वैदही वेयर हाउस पर चना,मसूर,गेंहू,सरसों की आवक प्रांरभ हो गई है और सभी केन्द्रो पर वारदान पहुचा दिया गया है। जल्द ही अन्य खरीदी केन्द्रो पर भी आवक प्रारंभ हो जाएगी।

## हाई स्कूल पारधा में कक्षा 1 से 9वीं तक का वार्षिक परिणाम घोषित



**सिरोंज।** शासकीय हाई स्कूल पारधा में सोमवार को कक्षा 1 से लेकर कक्षा 9वी तक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य वेद प्रकाश राजपूत ने बताया कि इस वर्ष सभी कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 9 वीं में दर्ज 42 छात्रों में से 39 छात्र फस्ट डिवीजन से पास हुए और 2 छात्र सेकेंड व 1 छात्र थर्ड डिवीजन से पास हुआ। वहीं स्कूल की छात्रा मोनिका कुशवाह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंजली सिंह ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 7वी में नंदनी पाल ने 85 प्रतिषत,प्रतिज्ञा कुषवाह ने 82 प्रतिषत प्राप्त किए और कक्षा 6वी में राज कुषवाह,वैष्णवी प्रजापति अच्छे अंक प्राप्त किए। इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाए दी। प्राचार्य श्री राजपूत ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा कोशिश की जा रही है कि सभी बच्चों को सीमित संसाधन में अच्छी शिक्षा दी जा सके। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो के नेतृत्व में हम हमारे विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय की परिकल्पना को साकार कर कक्षा 10वी में स्कूल के शिक्षकों की मेहनत और आशानुरूप तहसील स्तर पर परिणाम अच्छा आएगा।

## श्रीराम जानकी रास बिहारी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया फूल डोल महोत्सव



**सिरोंज।** नगर के छिपेटी बाजार स्थित श्री राम जानकी रास बिहारी मंदिर में चौरसिया समाज द्वारा फूल डोल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनेको प्रकार के रंगो व फूलो से श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य के सामने जमकर होली खेली. मंदिर में उमड़े श्रद्धालुओं ने भजनों के साथ सांवलिया सेठ को रिझाया और गुलाल उड़ाए। श्रद्धालुओ ने पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ होली खेली और पूरे मंदिर परिसर को रंग बिरंगे रंगो व फूलों में रंग डाला। वही मंदिर में आस्था और भक्ति के अद्भुम रंग बरसते नजर आए। वही समाज के बच्चो,महिलाओं एंव पुरुषों में अलग ही उत्साह देखने को मिल।

## शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण



**सिरोंज।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सोमवार को मतदान कार्मियो को 20 मास्टर ट्रेनरो व प्रशिक्षण प्रभारियों द्वारा निर्वाचन प्रशिक्षण दिया गया। वही यह प्रशिक्षण 4 दिनों तक चलेगा प्रतिदिन 6 कक्षों में 40 कार्मिको का प्रति कक्ष अनुसार 480 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

## स्कूल चलें हम अभियान के तहत माध्यमिक शाला देहरी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सोमवार को नवीन सत्र प्रारंभ होती ही स्कूल चले हम अभियान के तहत एकीकृत माध्यमिक शाला देहरी में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रभारी चंद्र मोहन माली द्वारा बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शाला प्रभारी द्वारा ग्राम में डोल बाजो के साथ ग्रामीणजनों से अनुरोध किया कि जिनके बच्चों की आयु 6 वर्ष हो चुकी है उन बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाएं। वहीं कार्यक्रम के उपरांत विशेष भोजन का बच्चों ने लुफ्त उठाया। इस मौके पर शिक्षिका आकांक्षा तिवारी, सफिया बैग, अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

शाला प्रभारी ने ग्राम में ढोल बाजे बजवाकर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित



## प्रवेश उत्सव मनाया, परीक्षा परिणाम घोषित किया गया




**ग्यारसपुर।** सीएम राइज स्कूल में सत्र 2024-25) का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम किया गया एवं शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार उत्सव मनाकर किया गया। जिसमें नवीन प्राइमरी बच्चों को तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर एव पुस्तक गणवेश वितरण किया गया। स्कूल में विशेष भोज्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी मनोज उपाध्याय द्वारा बच्चों को पुस्तक गणवेश विद्यार्थियों को दी गई। वहीं विकासखंडीय (स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा नौवीं तथा ग्यारवीं का सत्र 2023 - 24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा केजी फास्ट से सातवीं तक का परीक्षा परिणाम 100% रहा। वहीं कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम 64% रहा। जिसमें 152 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। तथा कक्षा ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम 93%. रहा। जिसमें 138 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। समस्त उत्तीर्ण बच्चों को प्राचार्य जेपी प्रकाश नेमा एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

# सब्जी मंडी में दुकानदारों को दुकानें लगाने बने चबूतरे खाली, सड़क पर हो रहे हैं खड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जब नगर की आबादी 3-4 हजार रहा करती थी तभी से बड़ा बाजार में साप्ताहिक हाट बाजार लगने की परंपरा आज भी बनी हुई है। हाट बाजार लगने की परंपरा आज भी बनी हुई है। हाट बाजार मुख्य बाजार सड़कों के किनारों पर सैकडों दुकाने लगती है। जिससे पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहा है। पुराने थाने, पुरानी कन्याशला के जर्जर भवनों को तोड कर नप द्वारा वर्षों पूर्व सब्जी मण्डी का निर्माण कराया गया।

लगभग 44 चबूतरा सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाए और दुकानदारों को आवंटित किए गए। सब्जी मण्डी के दर्जनों चबूतरा खाली पडे हुए है। सब्जी मण्डी के भीतर और वाहर सडक के दोनों किनारे, बडी मस्जिद के सामने छोटा अस्पताल के आसपास सब्जी फल बेचने वाली लगी दुकाने यातायात में बाधा और जाम लगने गंदगी बनी रहने का कारण बन रहा है।



### हाकर्स जोन भी खाली

नप द्वारा लाखों की राशि खर्च कर हाकर्स जोन का निर्माण कराया गया। लम्बे समय तक खाली पड़ा रहा। वर्तमान नप अध्यक्ष हेमंत चौधरी, सीएमओ वर्मा ने फल विक्रेताओं के लिए हाकर्स जोन में दुकाने दी गई परंतु हाकर्स जोन में दुकाने न लगा कर अधिकांश फल विक्रेता सडकों के किनारे दुकाने लगा कर चौडे मार्गो को संकरा कर सुरक्षित यातायात में बाधा करते है। सब्जी मण्डी के आसपास बडा बाजार में एक भी वाहन स्टेण्ड नहीं है यदि अतिक्रमणर हट जाय तो कम से कम सब्जी फल खरीदने वालों को अपने दोपहिया वाहन सुरक्षित ढण्ग से खडे करने की सुविधा मिल सकती है।

स्थानीय प्रशासन पुलिस और नप सब्जी मण्डी के बाहर लगी फल सब्जी विक्रेताओं का बनी मण्डी और हाकर्स जोन में शिफ्ट का दे तो नगर वासियों को बडी राहत मिल सकती है। प्रदेश की सरकार द्वारा मीट मटन विक्रेताओं को खुले में बिना लायसेंस पर कार्यवाही के निर्देश नगर में हवा हवाई बने हुए है। सब्जी मण्डी से ही लगा कर मीट मटन का मार्केट है। जहां सब्जी फल बिकते है। वहीं अण्डे बेचने वालों की दुकाने लगी रहती है। मीट मटन बेचने वाले दुकानदारों के पास लायसेंस है या नहीं नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं जिम्मेदारों की गहरी उदासीनता बनी नजर आ रही है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण दिया

**ग्यारसपुर।** सीएम राइज स्कूल में सोमवार से चार दिवसीय लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है जिसमें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है सोमवार को अनिल शर्मा, हुकम सिंह सूर्यवंशी, योगेश चतुर्वेदी, अंजू कुमार जैन, प्रमोद भास्कर द्वारा पीठासिन अधिकारी मतदान अधिकारी एल वन से एल 3 के कर्मचारीयो को प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण के दौरान ग्यारसपुर एसडीएम मनोज उपाध्याय तहसीलदार सौरभ मालवीय नायव तहसीलदार राजेंद्र सेन भी इस दौरान मौजूद रहे ।

## ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष को पितृ शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



ग्राम बाग पिपरिया के मूल निवासी और कृषक ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश उपाध्याय के पिता जगदीश प्रसाद उपाध्याय का बीमारी के चलते निधन हो गया। स्व. उपाध्याय की अंतिम यात्रा दाह संस्कार में बागपिपरिया ग्राम के साथ बरेली एवं अन्य स्थानों ग्रामों से आए लोग सम्मिलित हुए। कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेन्द्र पटैल, कांग्रेस के अनेक नेताओं ने स्व. उपाध्याय के निधन पर शोक संबेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नरवाई में आग लगा रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

कलेक्टर ने सम्पूर्ण विदिशा जिले के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत जिले में किसी भी व्यक्ति द्वारा नरवाई जलाने अथवा खेत में आग लगाना प्रतिबंधित किया गया है लेकिन क्षेत्र में लगातार नरवाई में आग लगाई जा रही है। उसी क्रम में सोमवार को इकबलगंज के खेत की नरवाई में भीषण आग लगी और भी क्षेत्र में कई जगह है। जहां पर लगातार नरवाई में आग लगाई जा रही है। कृषकों द्वारा खेतों की नरवाई में लगाई जाने वाली आग से में उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत एवं अन्य तरीकों से अग्नि की बड़ी दुघर्टनाएं होने की संभावना रहती है। इसके अतिरिक्त नरवाई जलाने की प्रक्रिया से बड़ी मात्रा में होने वाले धुआं के कारण पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। नरवाई जलाने से अग्नि दुर्घटना, पब्लिक न्यूसेंस, जनहानि, धन हानि, पशु एवं पक्षियों की हानि खेत खलिहानों में रखी फसल का नुकसान एवं मिट्टी की उर्वरकता नष्ट होती है लेकिन फिर भी क्षेत्र में लगातार लोग नरवाई में आग लगाते जा रहे है और लगातार आदेश को अवेहलना हो रही है।

## सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया

**नटेरन।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय नटेरन में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें संस्था प्राचार्य आरजी कुर्मी, विद्यालय की छात्राओं, संस्था के वरिष्ठ शिक्षक जेएस ठाकुर द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन कर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ किया । कार्यक्रम में श्री कुर्मी जी द्वारा नवीन प्रवेशी छात्र,छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुस्तक वितरण कर प्रवेश का शुभारंभ किया। इसी कार्यक्रम में संस्था के कक्षा 9वी एवं 11वीं के मेरिट सूची में (टॉप 10) स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। और उन सभी छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संस्था के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं एवं पालकों को भी पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक राजेश कुशवाह, आदित्य आर्य, यशवंत दांगी शैलेंद्र कुशवाह, दीपक तिवारी, दीपक शर्मा, कांति कोरी, स्वेता तिवारी, रीता अग्रवाल, उमा पूर्वा रहांगडाले एवं समस्त छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## प्रवेश उत्सव मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सीएम राइज कुरवाई में आज बिकास खंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागड़ी के मुख्य आतिथ्य में प्रवेश उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में बी आर सी अनूप तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्था प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव एवं अतिथि गण ने माँ सरस्वती की पूजन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत कर सभी ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। कुछ विद्यार्थियों को पुस्तक प्रदाय की गई । इस अवसर पर साथ कक्षा 1 से 11 वी तक कक्षा में प्रथम आने बाले विद्यार्थियों को मैडल प्रदाय कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर स्कूल की कक्षाओं को फूल और गुब्बारे से सुसज्जित तरीके से सजाया गया । बी ई ओ बागड़ी ने विद्यार्थियों से नियमित स्कूल आकर योजनाओ का लाभ लेकर अच्छा परिणाम देने की अपेक्षा की साथ ही बी आर सी अनूप तिवारी ने विद्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना की अंत में प्राचार्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

## नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले अनेक वर्षों से श्रीनरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर समिति द्वारा कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। एक से सात अप्रेल तक साप्ताहिक संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव प्रारंभ होने से पूर्व संकट मोचन हनुमान मंदिर से नगर में धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली गई । कथा स्थल पर समापन के बाद पूजन के साथ प्रथम दिवस की श्रीराम कथा का आरंभ कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी द्वारा किया गया।



### मंदिर का निर्माण जारी

विगत अनेक वर्षों से हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। नरसिंह टेकरी मंदिर के पास ही व्यायाम शाला का भी भवन बना हुआ है। दशकों पूर्व तक कुश्ती अखाडा खेलने वाले युवक मंदिर प्रांगण में अभ्यास किया करते थे। घोघरा नदी किनारे मंदिर तो ऊचे स्थान पर है। जब कभी तेज बारिश बाढ की स्थिति बनती है तब संपूर्ण क्षेत्र बाढ के पानी में डूब जाने की स्थिति बनती है।

### श्रीराम कथा का महत्व

श्रीराम कथ महोत्सव के प्रथम दिवस कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी जी ने श्रीराम के चरित्र और महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि जीवन में इ'छा, कर्म, क्रिया और भाग्य का अतिमहत्व है। सिर्फ कर्म या इ'छा से नहीं बरन भाग्य प्रबल होने पर सब कुछ पाया जा सकता है। कहा कि कथा सुनना और उसका मनन करना जरूरी है। आदर्शो को जीवन में अपना कर हम ईश्वर प्राप्ती की दिशा में आगे बढ सकते है। नगर एवं क्षेत्र के धार्मिक श्रद्धालुओं को प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक श्रीराम कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होगा।

## नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ, पहले दिन कम ही पहुंचे बच्चे

# प्रवेशोत्सवः विद्यार्थियों के माथे पर तिलक लगा किया उनका स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल हाई सेकेंडरी स्कूलों में सोमवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। हालांकि पहले दिन उत्साह कम देखा गया। कई स्कूलों में बच्चों की संख्या ना के बराबर रही। तो कही शिक्षक कम पहुंचे जो बच्चे पहुंचे उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

शहर के सागर मार्ग स्थित शासकीय आदर्श कन्या स्कूल में सुबह 11 बजे कक्षा 6वीं, 9वीं और 11वीं में करीब 100 छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन सभी छात्राओं का शिक्षक कमलेश बहादुर एवं जन शिक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना सहित अन्य शिक्षकों के द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्प बर्षा कर उनका स्वागत किया।

शिक्षकों द्वारा बताया गया आज पहला दिन था इसलिए छात्राओं की संख्या कम रही जो छात्राएं आई है उनको रोज स्कूल आने के लिए प्रेरित किया है। वहीं शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार जिन छात्रों का रिजल्ट अभी घोषित नहीं हुआ है। उन छात्रों को पुराना कोर्स ही रिवीजन करने के आदेश हैं। शासकीय माध्यमिक शाला पाटनदेव एकीकृत स्कूल में दोपहर 12 तक 15 छात्र उपस्थित हुए जिनका सभी शिक्षकों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया इनमें से कई छात्र बिना ड्रेस में स्कूल पहुंचे थे।



### पहले दिन बच्चों का शिक्षकों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

*दीवानगंज। सोमवार को प्राथमिक विद्यालयों के खुलने पर स्कूल में बच्चों के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। हालाकि पहले दिन बच्चों की उपस्थिति कम रही है। शिक्षा के नवीन सत्र 2024 25 में पीएमश्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में प्रवेश उत्सव में आए हुए समस्त विद्यार्थियों का दीवानगंज के प्राचार्य टीडी मेश्राम ने ढोल ध्वनि के साथ रोली ,चंदन से तिलक लगाकर फूलों की मालाएं पहनाकर छात्र-छात्राओं का स्वागत किया साथ ही छात्रों के पलकों का भी अभिनंदन किया। आगंतुक छात्र छात्राओं की समस्त शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी गई।*

*इस पावन अवसर पर दीवानगंज के प्राचार्य ने बच्चों के सुखद भविष्य की कामना की साथ ही उपस्थित सभी शिक्षकों की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निष्ठा ईमानदारी से अपने कर्तव्य पालन के साथ अध्यापन कराने की अपील की इस पावन उत्सव में विद्यालय की शिक्षक एमएल अहिरवार, मानसिंह यादव, घनश्याम कुबेर, श्रीमती प्रीति आठिया, श्रीमती अनुराधा चतुर्वेदी, श्रीमती दीपाली पोद्दार, राजेश कुशवाहा, अनिकेत विश्वकर्मा, गोपाल अहिरवार श्रीमती निधि जैन, श्रीमती आरती वर्मा, कुमारी अलका दुबे, कुमारी रानी बेनजीर, राजेश नायक, मलखान मालवीय और छात्रछात्राएं उपस्थित रहे। प्रवेश उत्सव पर प्राचार्य के साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी वाद्य यंत्रों का वादन कर हर्ष उल्लास के साथ मनाया।*

### शिक्षकों ने विद्यार्थियों का तिलक कर किया स्वागत

**शिक्षण संस्थाओं में मनाया प्रवेशोत्सव**

**सिलवानी।** 1 अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर शासकीय शिक्षण संस्थाओ में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां कि स्कूल आने वाले विद्यार्थियो का शिक्षकों ने तिलक करका स्वागत किया तथा शुभकामनाएं दी। सेठ अमरचंद समैया सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलवानी में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य एनपी शिल्पी के द्वारा उद्बोधन देकर नव शिक्षा सत्र प्रारंभ होने की विद्यार्थियो को शुभकामनाए दी। समस्त स्टाफ के द्वारा सरस्वती वंदना एवं विद्यार्थियों को तिलक लगा करके स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश कराते हुए प्रवेश महोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों को नए वर्ष की शुभकामना देते हुए मंगलमय जीवन के लिए प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं दी। साथ ही 9 वीं एवं 11 वीं का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। विद्यालय में समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## सीसीटीवी कैमरे से वन विभाग रख रहा हर मूवमेंट पर नजर

# रायसेन में लगातार बना बाघ का मूवमेंट, खेत में मिले पग-मार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन





शहर के सांची मार्ग वीआईपी कॉलोनी के सामने फिर बाघ दिखाई दिया। एक किसान के बगीचे में बाघ के पग मार्ग भी मिले हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग के एसडीओ सुधीर पटले, रेंजर प्रवेश पाटीदार, डिप्टी रेंजर राकेश केलोदिया, संजय मौर्य, टीम सहित मौके पर पहुंचे और सर्चिंग की साथी आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा चैक किए।

एसडीओ सुधीर पटले ने बताया कि मौके पर बाघ के पग मार्ग मिले हैं। संभवत बाघ रोड क्रॉस कर बायपास रोड सीता तलाई की पहाड़ी की ओर गया है। ये वही बाघ है जो करीब डेढ़ महीने पहले इसी रोड पर दिखाई दिया था। रविवार शाम को भी सांची रोड सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल की पक्की पुलिया के पास कुछ लोगों को यह बाघ दिखाई दिया था तब से ही वन विभाग की टीम क्षेत्र में सर्चिंग कर रही है।

### सावधानी बरतने की जरूरत

*रायसेन शहर के आसपास लगातार बाघ का मूवमेंट पिछले 3 माह से बना हुआ है। और बाघ द्वारा गायों का शिकार भी किया जा चुका है। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग द्वारा जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं। जिसमें बाघ का मूवमेंट कैद हो रहा है। साथ ही बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे भी लगाए गए हैं, हालांकि अभी तक इन पिंजरे में बाघ कैद नहीं हो पाया है। लोगों सतर्क रहने की सलाह वन विभाग द्वारा दी जा रही है।*

# कचरा फैलाने पर दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

**रायसेन।** शहर में सोमवार शाम को नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव द्वारा दुकानदरों पर दुकानों के बाहर गंदगी फैलाने और डस्टबिन नहीं रखना पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। सीएमओ सुरेखा जाटव सांची रोड तहसील कार्यालय के सामने अपनी टीम के साथ पहुंची थी




यहां से कार्रवाई करते हुए मुख्य बाजार और महामाया चौक पहुंची। इस दौरान 23 दुकानदारों पर खुले में कचरा फेंकने और मौके पर डस्टबिन नहीं पाए जाने पर करीब 2700 रूपए जुर्माना लगाया गया।

साथ ही दुकानदारों को गंदगी ना करने और खुले में कचरा ना फेंकने सहित डस्टबिन का उपयोग करने की हिदायत दी गई।

# बेजुवान परिंदों को शीतल जल उपलब्ध कराने अभाविप बम्होरी ने पेड़ों पर लटकाए जलपात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

भीषण गर्मी में बेजुवान परिंदो को शीतल जल उपलब्ध कराए जाने की मुहिम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बम्होरी के कार्यकर्ताओ के द्वारा प्रारंभ की गई है। जिसके तहत सार्वजनिक स्थानो, धर्म स्थलो, घरो की छतो, पेड़ो पर शीतल जल से भरे जलपात्र लटकाए जा रहे है ताकि परिंदो को गर्मी के मौसम में पानी के लिए भटकना ना पड़े।

अभाविप के कार्यकर्ताओ की इस मुहिम की ग्रामीणो द्वारा सराहना की जा रही है। शुभम सेन ने बताया कि बेजुवान परिंदो की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। भीषण गर्मी के इस दौर में आम आदमी शीतल जल से प्यास बुझाने के लिए अनेको जतन कर रहा है। विभिन्न पेय पदार्थो का सहारा लेने के साथ ही फ्रिज का ठंडा पानी पी रहा है। लेकिन परिंदे पानी को भटक रहे है।

उनकी परेशानी को देखते हुए अभाविप ने जल पात्र लटकाए जाने का निर्णय लिया, इसी निर्णय के तहत जल से भरे पात्र विभिन्न स्थानो पर लटकाए जा रहे है। इस मुहिम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शुभम सेन, नगर अध्यक्ष बम्होरी राहुल शर्मा, श्रवण पटेल, राहुल लोधी, जितेंद्र मिश्रा, सत्यम लोधी, उमेश पाल, रोहित मिश्रा द्वारा सहभागिता की जा रही है।

# गेहूं खरीदी से पहले कांटे की पूजा

## पूजा के बाद किसानों की फसलें तोलना प्रारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं की प्रारंभ हो चुकी है। शासन द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 150 रुपये की वृद्धि की है जो समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।


सेवा सहकारी संस्था ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया। इसके पूर्व सोमवार को मां सरस्वती वेयरहाउसिंग बरजोरपुर पर अनाज व तौल कांटे का पूजन तुलावटी व हम्मालों को तिलक



लगाया। इसके बाद कुछ किसानों की फसले तोलना प्रारंभ किया। इस मौके पर राजेश सिरोठिया, सुनील भंडारी, अजय रैकवार, शिवराज सिंह मीणा, अभिषेक मीणा, आकाश मीणा, रामचरण मीणा, पीतम मीणा, जसवंत ठाकुर, रघुवीर मीणा सहित कई हमाल और किसान मौजूद रहे।

### विश्व पर्यटन स्थल सांची स्तूप में पसरा सन्नाटा

**सांची।** नगर में गर्मी अपने चरप पर आ गई है, तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया है। बढ़े हुए तापमान का सीधा असर विश्व पर्यटक स्थल



सांची स्तूप पर देखने को मिला। यहां चंद पर्यटक ही पहुंचे, जो देसी विदेशी पर्यटक घूमने आ रहे हैं वह भी बढ़ते पारे से बचने के जतन नजर करते आ रहे हैं। बीते हुए एक सप्ताह से तापमान में हो रही लगातार बढ़ोतरी के कारण सांची स्तूप पर आने वाले पर्यटकों की संख्या तेजी से घटती जा रही है।

## मानव श्रृंखला बनाई, निकाली रैली

# आगंनबाड़ी कार्यकताओं ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लोकसभा निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिला बाल विकास विभाग के द्वारा सोमवार को जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत आगंनवाड़ी केंद्रो पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

तहसील की समस्त आगंनवाड़ी केंद्रो पर मानव श्रृंखला बनाई तथा ग्रामो में जन जागरुकता रैली निकाल कर शत प्रतिशत मतदान किए जाने का संदेश दिया।




आयोजित किए गए, कार्यक्रम में महिलाओ की भागीदारी अधिक रही। सभी को शत प्रतिशत मतदान किए जाने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास प्रभारी परियोजना अधिकासरी आविदा वी, सेक्टर पर्यवेक्षक रामवती रघुवंशी, सरिता रघुवंशी आदि मौजूद रही।

# भाजपा का होली मिलन कार्यक्रम हुआ संपन्न रंग-गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

हम सब कार्यकर्ता विश्व की सबसे बड़े राजनैतिक दल भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता है। भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है। जो छोटे से छोटे कार्यकर्ता को फर्स से उठा का तक सिहांसन तक पहुंचा देती है। सिलवानी विधानसभा क्षेत्र शिवराज सिंह चौहान का सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक समाज के प्रत्येक व्यक्ति से पारिवारिक रिश्ता है। इस क्षेत्र से वह 5 बार सांसद रहे है, बल्कि क्षेत्र में पदयात्रा व साईकिल यात्रा कर समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के द्वार पर पहुंच कर उनकी समस्या को जाना, समझा व निराकरण किया है।



वह कार्यकर्ताओ से मुलाकात करने आए है। कार्यकर्ताओ के सुख दुख में सहभगिता करना शिवराज सिंह चौहान का धर्म हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के पुत्र युवा नेता कार्तिकेय चौहान ने व्यक्त किए। वह नगर के नायक गार्डन में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओ से संवाद कर रहे थे। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, दीपक रघुवंशी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हर्षित साहू ने किया, जबकि आभार नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक ने।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे युवा नेता कार्तिकेय चौहान, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने होली मिलन कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओ का गुलाल से तिलक कर सम्मान किया व रंगो के पर्व होली की शुभकामना दी। यहां पर अतिथियो ने फाग गीत पर कार्यकर्ताओ के साथ झांझ मंजीरो का लुप्त भी उठाया तथा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले से पशु चारा-भूसा के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में पशु चारा एवं भूसा की कमी की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा-भूसा की आपूर्ति बनाने कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा तत्काल प्रभाव से जिले से अन्य राज्यों में पशु चारे-भूसा का निर्यात प्रतिबंधित किया।

आदेश के तहत पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारे, भूसा, घास, कड़वी ज्वार के डंठल, पैरा धान के डंठल आदि का जिले से अन्य राज्यों में निर्यात, उद्योगों एवं ईट के भट्टे में जलाने को मप्र चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से 30 जून 2024



तक प्रतिबंधित किया गया है।

कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्योतक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु चारा एवं भूसा का परिवहन किसी वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा रायसेन से राज्य से बाहर कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा। इस संबंध में एसडीएम को अनुज्ञा पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने की जा रही जागरुकता गतिविधियां

## रैली, चित्रकला, रंगोली, मानव श्रृंखला आदि हो रहे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

स्वीप प्लान के तहत सोमवार को सिलवानी में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहयिकाओं द्वारा




मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को आगामी 07 मई को अपने मतदान केन्द जाकर लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार रायसेन में स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में निर्वाचन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों द्वारा भी लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने की शपथ ली गई। जिले के ग्राम धोखेड़ा में भी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा मेहंदी, रंगोली आदि के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने का संदेश दिया गया।

## अधिकारी पूरी लगन और मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें: कलेक्टर

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में आयोजित पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों के प्रथम प्रशिक्षण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सभी विकासखण्ड मुख्यालयों पर 01 अप्रैल से शुरू हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने सांची विकासखण्ड अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय रायसेन में आयोजित पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन और मतदान अधिकारियों से कहा कि वह पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण निर्वाचन में मतदान दलो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसके



लिए मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्णतः ज्ञान होना आवश्यक है।

सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा किसी भी प्रकार की शंका या समस्या होने पर प्रशिक्षण के दौरान ही समाधान कर लें। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से ईवीएम संचालन की भी समुचित जानकारी प्राप्त करने के लिए कहा।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान केंद्र पर एक दिन पूर्व की जाने वाली कार्यवाही, मतदान के पूर्व की तैयारी एवं मॉकपोल, मॉकपोल का क्रम, मॉकपोल के दौरान मशीनों का परिवर्तन, मॉकपोल के पश्चात मशीनों की सीलिंग, वास्तविक मतदान प्रारंभ, मतदान केन्द्र में प्रवेश हेतु अनुमत्त व्यक्ति, मतदान केंद्र पर मतदाताओं के प्रवेश का विनिमय, मतदान केंद्र और आस पास निर्वाचन विधि का प्रवर्तन, मतदान प्रक्रिया, मतदान कें दौरान की विशेष स्थितियां, बैटरी का विस्थापन, मतदान समाप्ति पर कार्यवाही, निर्वाचन अभिलेख तैयार करना एवं पैकिंग, बुकलेट प्रपत्र आदि की जानकारी दी गई।